# दिनांक 16.01.2024 को आयोजित मंडल संसदीय समिति, दानापुर की बैठक का कार्यवृत्त

**स्थान : सभागार, महेन्द्रू घाट, पटना**

| उपस्थित माननीय सांसद/प्रतिनिधिगण | उपस्थित रेलवे अधिकारीगण |
|---|---|
| 1. **श्री सुशील कुमार मोदी, अध्यक्ष, मंडल संसदीय समिति & माननीय सांसद, राज्य सभा**<br>2. **श्री राम कृपाल यादव, माननीय सांसद, पाटलिपुत्र**<br>3. **श्री कौशलेन्द्र कुमार, माननीय सांसद, नालंदा**<br>4. **श्री चंदेश्वर प्रसाद, माननीय सांसद, जहानाबाद**<br>5. **श्री शंभू शरण पटेल, माननीय सांसद राज्यसभा**<br>6. श्री राम जी सिंह, पटना साहिव सांसद श्री रवि शंकर प्रसाद जी के प्रतिनिधि<br>7. श्री जय प्रकाश चौबे, बक्सर सांसद एवं माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, श्री अश्विनी कुमार चौबे जी के प्रतिनिधि<br>8. श्री जीवन सिंह, जमुई सांसद श्री चिराग पासवान जी के प्रतिनिधि<br>9. श्री रजनीश कुमार, राज्यसभा सांसद श्री विवेक ठाकुर जी के प्रतिनिधि<br>10. श्री मुकेश कुमार, राज्यसभा सांसद श्री अनिल प्रसाद हेगड़े जी के प्रतिनिधि<br>11. श्री पिंटू कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद श्री खीरू महतो जी के प्रतिनिधि<br>12. श्री अभिमन्यु कुमार, नवादा सांसद श्री चन्दन सिंह जी के प्रतिनिधि | 1. **श्री अनिल कुमार खंडेलवाल, महाप्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर**<br>2. श्री तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक<br>3. श्री शिव कुमार प्रसाद, प्र.मु.वा.प्र./हाजीपुर<br>4. श्री रामाश्रय पाण्डेय, मु.प्रशा.अधि/निर्माण/दक्षिण<br>5. श्री राम जन्म, मु.प्रशा.अधि/निर्माण/उत्तर<br>6. डॉ अमित गर्ग, प्र.मु.अभि./हाजीपुर<br>7. श्री प्रभात कुमार, प्र.मु.संरक्षा अधि./हाजीपुर<br>8. श्री आर.के.चौधरी, प्र.मु.वि.अभि./हाजीपुर<br>9. सुश्री छवि झा, प्र. वित्त सलाहकार/हाजीपुर<br>10. श्री अमरेश कुमार, प्र.मु.सु.आयुक्त/हाजीपुर<br>11. श्री आर. के. सिंह, प्र.मु.वि.अभि./हाजीपुर<br>12. श्री अमित अग्रवाल, प्र.मु.या.अभि./हाजीपुर<br>13. श्री एकनाथ मोहकर, प्र.मु. सिग.&दूर.अभि./हाजीपुर<br>14. श्री आशीष कुमार, मु.या.परि.प्र./हाजीपुर<br>15. श्री जे.पी. सिंह, मु.का.अधि./हाजीपुर<br>16. श्री हेमन्त कुमार, प्र.मु.सा.प्र./हाजीपुर<br>17. श्री सुमन कुमार सिंह, महाप्रबंधक के सचिव<br>18. श्री अभिषेक कुमार, उप महाप्रबंधक(सा.)<br>19. श्री बीरेंद्र कुमार, मु.जनसंपर्क अधि./हाजीपुर<br>20. श्री के. के.भार्गव, मु.परि.प्रबंधक/RVNL<br>21. श्री नीरज कुमार, जीजीएम/इरकॉन<br>22. श्री ए.के.सिन्हा, मु.परि.निदे./SD<br>23. श्री जयन्त कुमार चौधरी, मंडल रेल प्रबंधक/दानापुर<br>24. श्री आधार राज, अ.मं.रे.प्र./परि./दानापुर<br>25. श्री ए.के.चन्दन, अ.मं.रे.प्र./इन्फ्रा/दानापुर<br>26. श्री सुशील कुमार, मु.परि.प्र./गति शक्ति<br>27. डॉ. पी.के.मिश्रा, मु.चि.अधी./दानापुर<br>28. श्री सौरभ कुमार मिश्र, वरी.मं.अभि (सम.)<br>29. श्री सरस्वती चन्द्र, वरी.मं.वा.प्र./दानापुर<br>30. श्री अशोक कुमार, वरी.मं.का.अधि./दानापुर<br>31. श्री प्रभास राघव, वरी.मं.परि.प्र./दानापुर<br>32. श्री पी.के.पांडा, वरी.मं.सु.आयुक्त/दानापुर<br>33. श्री भजन लाल, वरी.मं.वि.अभि.(सा.)/दानापुर<br>34. श्री प्रतीक रस्तोगी, वरी.मं.अभि./गति शक्ति<br>35. श्री रजनीश कुमार सिंह, वरी.मं.सिग.&दूर.अभि<br>36. श्री पृथ्वी राज, जन संपर्क अधिकारी/दानापुर |

सर्वप्रथम महाप्रबंधक, श्री अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत शॉल, पुस्तक एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया | दानापुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत ढाँचे के विकास आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यों और नई परियोजनाओं, गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन को और बेहतर बनाने हेतु किए गए प्रयासों एवं विगत वर्ष के दौरान प्राप्त उपलब्धियों को Power Point प्रेजेंटेशन के

माध्यम से माननीय सांसदगण एवं माननीय सांसद प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया | तदोपरांत माननीय सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे, अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल के सर्वांगीण विकास एवं यात्री सुविधाओं में उतरोत्तर वृद्धि करने हेतु अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव दिए गए, जो निम्नलिखित हैं :-

## 1.0 श्री सुशील कुमार मोदी - अध्यक्ष, मंडल संसदीय समिति एवं माननीय सांसद (राज्य सभा)/पटना

| क्र.सं. | माननीय सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1.1 | बिहटा औरंगाबाद रेलवे का निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत कराया जाए \| महाप्रबंधक महोदय से अनुरोध है कि लंबित कागजी प्रक्रिया को जल्द पूरा करते हुए अगले 6 महीने में इस कार्य को phased manner में पूरा करवाया जाए \| | |
| 1.2 | सोन नदी पर 1856 ई० में निर्मित कोइलवर रेल पुल बिहार का सबसे पुराना रेल-सह-सड़क पुल है जिसकी स्थिति बहुत ही जर्जर है, इसके पुनर्निर्माण कार्य की दिशा में यथा शीघ्र कदम उठाया जाना चाहिए \| | |
| 1.3 | झाझा-दीन दयाल उपाध्याय रेल खंड के सभी लोकेशनों का फेंसिंग का कार्य अतिशीघ्र किया जाए साथ ही इसमें स्थानीय घनी बसावट को धयान रखते हुए रास्ता का भी प्रावधान किया जाए जिससे रेल के विकास से आम जन जीवन प्रभावित न हो \|<br>महाप्रबंधक महोदय द्वारा दानापुर मंडल के विभिन्न रेल खंडो यथा पटना-गया, बख्तियारपुर-राजगीर, किउल-गया, दानापुर-पाटलिपुत्र, पटना-डीडीयू, झाझा –पटना रेल खण्ड पर प्रस्तावित 'Summary of Proposed LHS' के अद्यतन कार्य प्रगति से भी सम्बंधित क्षेत्र के माननीय सांसदों को अवगत कराया जाए \| | |
| 1.4 | बिहार से गुजरने वाली 18 जोड़ी एवं बिहार से प्रस्थान करने वाली 6 जोड़ी 'आस्था स्पेशल ट्रेनों' के परिचालन की जानकारी आम जनों तक प्रचारित-प्रसारित किया जाना चाहिए \| | |
| 1.5 | हार्डिंग पार्क की जमीन रेलवे को राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण सम्बन्धी कार्य की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए \| रेलवे द्वारा इस जमीन के उपयोग की कार्य योजना की जानकारी भी दिया जाए \| | |
| 1.6 | वर्षों से बंद पड़े uneconomical पटना सिटी घाट के रेलवे भूमि को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने की कार्रवाई में शीघ्रता लाई जाए \| | |
| 1.7 | महाप्रबंधक महोदय से आग्रह किया गया कि सम्बंधित रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले जन प्रतिनिधियों (माननीय सांसदों) के लिए एक-एक वरीय रेल अधिकारियों को नामित किया जाए, जो उनके संसदीय क्षेत्र में रेल से सम्बंधित विकास कार्यों से अवगत करवा सकें \| | |
| 1.8 | रेलवे से सम्बंधित प्रायः 90% जन समस्याएँ यथा – गाड़ियों के ठहराव, स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्म पर बिजली-पानी, पार्किंग एवं पे एण्ड यूज़ शौचालय, ओवर चार्जिंग, ट्रेनों की साफ सफाई और खान-पान से सम्बंधित होते हैं \| रेल अधिकारियों द्वारा समय-समय पर औचक निरिक्षण कर इसे दुरुस्त किया जाना सुनिश्चित करें \| | |
| 1.9 | वैश्विक आपदाकाल- कोरोना काल के उपरांत मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव एवं बढे हुए मेल/एक्सप्रेस किराये की समीक्षा किया जाना चाहिए, क्योंकि ये जनहित से जुड़े बहु-प्रतीक्षित मुद्दे हैं\| इसके लिए जनता जन प्रतिनिधियों के माध्यम से रेल मंत्रालय में हस्तक्षेप की मांग कर शीघ्र कार्रवाई की मांग करती है \| अतः इस दिशा में आवश्यक कदम उठाया जाना चाहिए | |

## 2.0 श्री राम कृपाल यादव, माननीय सांसद/पाटलिपुत्रा

| क्र.सं. | माननीय सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 2.1 | संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्रा के अंतर्गत आने वाले पटना-गया रेल खंड के नीमा, छोटकी मसौढ़ी, तिनेरी हाल्ट पर निम्निलिखित पैसेंजर, मेमू एवं लोकल ट्रेनों यथा – 63255, 63254, 63242, 63246, 63249, 03275/76, 03269 अप, 03211 अप, 03336 डाउन, 03212 डाउन आदि का ठहराव बहाल नहीं किया गया है जो ट्रेनें कोरोना काल के पूर्व रूकती थी \| | |
| 2.2 | बिहटा औरंगाबाद रेलवे लाइन (लगभग 120 कि.मी.) का निर्माण कार्य से सम्बंधित कागजी प्रक्रिया को जल्द पूरा करते हुए इस कार्य के अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए, बाकी बचे कार्य को phased manner में प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए \| | |
| 2.3 | जनहित को ध्यान में रखते हुए कई स्टेशनों एवं हाल्ट पर ट्रेनों के ठहराव हेतु निम्नलिखित मांग पर यथोचित कार्रवाई किया जाना अपेक्षित है –<br>(क) नीमा हाल्ट पर गाड़ी संख्या 03211 अप पटना –गया पैसेंजर का ठहराव<br>(ख) गाड़ी सं.63257 अप पैसेंजर का पुनर्परिचालन<br>(ग) सदिसोपुर स्टेशन पर गाड़ी सं.13201/13202 कुर्ला एक्सप्रेस का ठहराव<br>(घ) दानापुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12367/12368 विक्रमशिला एक्स्प्रेस का ठहराव | |
| 2.4 | जैसा कि सभी जानते हैं कि राजधानी पटना का विस्तार दानापुर से बिहटा की ओर तीव्र गति से होने के कारण इस स्टेशन का समुचित विकास समय की माँग है \| बिहटा स्टेशन का उन्नयन किया जाए तथा VIP वेटिंग रूम का निर्माण करवाया जाए \|<br>साथ ही, बिहटा स्टेशन पर गाड़ी सं.12149/12150 दानापुर-पुणे, 15125/15126 बनारस –पटना जन शताब्दी एवं 12393/12394 सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया जाए \| | |
| 2.5 | पटना से बक्सर जाने वाली डीएमयू गाड़ी सं.03293/ 03294, 03203 अप एवं 03376 डाउन का पाली हाल्ट पर ठहराव \| | |
| 2.6 | बिहटा एवं सदीसोपुर स्टेशन के बीच फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवाने हेतु यथोचित कार्रवाई प्रारंभ किया जाए \| | |
| 2.7 | पटना-दीन दयाल उपाध्याय रेल खंड पर सदिसोपुर स्टेशन को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिया जाए, क्योंकि दानापुर और बिहटा के बीच यह एकमात्र महत्वपूर्ण स्टेशन है जो एक पूर्ण स्टेशन के सभी अहर्ताओं को पूरा करता है \| | |
| 2.8 | पटना मुगलसराय रेलखंड पर पटना एयरपोर्ट के पास फुलवारीशरीफ रेलवे गुमटी पर RUB के निर्माण कार्य में प्रगति लाई जाए \| | |
| 2.9 | 'अमृत भारत स्टेशन योजना' रेल मंत्रालय, भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसमें विभिन्न स्टेशन सुविधाओं यथा - नए स्टेशन भवन का निर्माण, नए एवं आरामदेह प्रतीक्षालय, डीलक्स शौचालय, पार्किंग का प्रावधान, स्टेशन परिसर का सौन्दर्यीकरण, एप्रोच रोड का निर्माण आदि कार्य शामिल हैं \| इस योजना के अंतर्गत दानापुर मंडल के चयनित स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों से सम्बंधित जन प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए, ताकि इस उपलब्धि को आम जनता तक पहुँचाया जा सके । | |

## 3.0 श्री कौशलेन्द्र कुमार, माननीय सांसद, नालंदा

| क्र.सं | माननीय सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 3.1 | पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल स्थित रहुई रोड हाल्ट को रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया जाए, क्योंकि स्टेशन का दर्जा नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों में रेलवे प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है \| | |
| 3.2 | माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के द्वारा नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी का उदघाटन किया गया \| इस विश्वविद्यालय के कैंपस में शिक्षक और विद्यार्थियों को सभी तरह की अत्याधुनिक सुविधाएँ मिलेगी \| ऐसी परिस्थिति में दूरदराज क्षेत्रों से इस विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नालंदा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी का ठहराव किया जाए \| | |
| 3.3 | नालंदा में राजगीर, दनियावां, फतुहा रेल खंड पर चलने वाली गाड़ी रामपुर हाल्ट पर तो रूकती है, लेकिन वहां टिकट नहीं कटता है \| इसलिए रामपुर हाल्ट को 'नोटिफाइड' कर वहां पर टिकट काउंटर की समुचित व्यवस्था किया जाए \| | |
| 3.4 | गाड़ी सं. 53043/44, हावड़ा- राजगीर फ़ास्ट पैसेंजर राजगीर से हावड़ा के लिए चलती थी, परन्तु कोविड के कारण बंद है \| राजगीर में मलमास मेला के लिए बड़ी संख्या यात्री इस फ़ास्ट पैसेंजर ट्रेन से आते-जाते हैं \| इसके अतिरिक्त इस फ़ास्ट पैसेंजर ट्रेन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवघर दर्शन के लिए जाते हैं अतः इस हावड़ा – राजगीर फ़ास्ट पैसेंजर को पुनः चालू किया जाए । | |
| 3.5 | दानापुर मंडल स्थित नालंदा मेमू स्पेशल (03231/32) राजगीर से दानापुर, मेमू स्पेशल (03271/72 ) इस्लामपुर से पटना , मेमू स्पेशल (03695/96 ) राजगीर से दानापुर , मेमू स्पेशल ( 03621/22) तथा (03623/24 ) राजगीर से बख्तियारपुर , मेमू स्पेशल ( 03625/26) बख्तियारपुर से गया , मेमू स्पेशल (03631/32 ) नटेसर से फतुहा और मेमू स्पेशल (03629/30 ) दानापुर से तिलैया आदि ट्रेनों में दोगुना किराया वसूला जा रहा है i जबकि रेलवे बोर्ड 15 नवम्बर 2021 के आदेशानुसार देश में मेल / एक्सप्रेस / सुपरफ़ास्ट / राजधानी आदि गाड़ियों का किराया कोरोना पूर्व की भाति वापस पहले की तरह करने का आदेश बहाल किया जाए । किन्तु उसका अनुपालन नालंदा से संचालित सभी मेमू गाड़ियों में अभी भी नहीं हुआ है । अत: जनहित में यात्रियों से वसूले जा रहे दोगुने किराये को वापस लेने की पुन: मांग करता हूँ। | |
| 3.6 | 12391/92 श्रमजीवी एक्सप्रेस का ठहराव पावापुरी और सिलाव स्टेशन पर किया जाए, जो कि Covid 19 के कारण बंद है। | |
| 3.7 | 12791/92 सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस की निष्क्रिय रेक का उपयोग करते हुए दानापुर से इस्लामपुर के बीच एक intercity एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए। | |
| 3.8 | फतुहा हिलसा मेमू ट्रेन का विस्तार खुदागंज तक एवं फतुहा नटेसर मेमू को राजगीर तक विस्तारित किया जाए । | |
| 3.9 | खुदागंज में goodshed का निर्माण किया जाए। | |
| 3.10 | इस्लामपुर स्टेशन के PRS काउंटर को दो पालियों में रात 08:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए । | |
| 3.11 | राजगीर से फतुहा भाया बिहारशरीफ , चंडी , रुखाई , दनियावां होते हुए मेमू ट्रेन चलती है चूंकि यह मेमू ट्रेन फतुहा तक ही चलती है, इसलिए इसमें यात्री कम यात्रा करते है । अत: जनहित में मेरी मांग है कि इसे पटना या दानापुर तक विस्तृत किया जाए। | |

## 4.0 श्री चंदेश्वर प्रसाद, माननीय सांसद/जहानाबाद

| क्र.सं. | माननीय सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 4.1 | जहानाबाद में 22349/50 पटना राँची वन्दे भारत एक्सप्रेस का ठहराव हो। | |
| 4.2 | जहानाबाद से नई दिल्ली तथा कोलकाता की एक एक ट्रेन का परिचालन किया जाए, वर्तमान समय में जहानाबाद से बड़ी संख्या में लोग मगध , श्रमजीवी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में दिल्ली की यात्रा करते हैं । | |
| 4.3 | महाबोधि एक्सप्रेस का जहानाबाद तक विस्तार एक बहुप्रतिक्षित माँग है, इस ट्रेन का विस्तार जहानाबाद तक किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाना चाहिए । | |
| 4.4 | पूर्व में प्रस्तावित जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर वाशिंग पिट मेंटेनेंस लाइन का निर्माण किया जाना था लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है \| जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर वाशिंग पिट का निर्माण किया जाए । | |
| 4.5 | जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर कोच इंडिकेटर बोर्ड लगाया जाए जिससे यात्रियों को सुविधा होगी । | |
| 4.6 | जनता के हित में जहानाबाद व गया से बेंगलुरु के लिए ट्रेन की डिमांड है , 22351/52 पाटलिपुत्र यशवंतपुर एक्सप्रेस को वाया पटना गया रेलखंड के रास्ते परिचालन किया जा सकता है । | |
| 4.7 | जहानाबाद-गया रेल रूट के कई छोटे-छोटे स्टेशनों/हाल्टो पर कोविड काल के दौरान रेलगाड़ियों के ठहराव को बंद किया गया था परंतु उन्हें अब तक दोबारा नहीं चलाया गया \| उन रेलगाड़ियों को पुनः करोनाकाल से पहले की तरह आना-जाना एवं ठहराव बहाल किया जाए। | |
| 4.8 | पटना गया रेलखंड पर टेहटा रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस एवं हटिया पटना एक्सप्रेस का ठहराव और आरक्षित टिकट काउंटर खुलवाया जाए \| | |
| 4.9 | बिहटा से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के बीच प्रस्तावित नई रेल लाइन बिछाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। | |
| 4.10 | जहानाबाद से कोलकाता के बीच ट्रेन संख्या 13329-13330 पटना-धनबाद गंगा दामोदर एक्सप्रेस को धनबाद की जगह कोलकाता तक विस्तार किया जाए। | |
| 4.11 | नालंदा से गया को जोड़ने के लिए 50 किलोमीटर इस्लामपुर से मानपुर तक नई रेल लाइन बिछाया जाए। | |
| 4.12 | मखदुमपुर रेलवे स्टेशन पर कुछ और एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हो। | |
| 4.13 | बिहार शरीफ से जहानाबाद तक रेल का सर्वे हो चुका है। उसे आगे की प्रक्रिया में ले जाया जाए। | |
| 4.14 | गया से पटना रात्रि ट्रेन को पुनः चालू किया जाए और राजगीर तिलैया रूट में पैसेंजर ट्रेन को बढाया जाए \| | |
| 4.15 | पटना- जहानाबाद- गया - जमशेदपुर के लिए अमृत भारत या अन्य मेल/ एक्सप्रेस का परिचालन किया जाए। | |
| 4.16 | जहानाबाद मुख्य स्टेशन से सटे उत्तर में 'ज़िलाधिकारी आवास से टेनी बिगहा (सहबाजपुर)' और किनारी पाली रोड के बीच संपर्क हेतु रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) बनाना व्यापक जनहित में है। | |
| 4.17 | निम्नलिखित स्थानों पर अंडरपास/ROB बनाया जाए :-<br><br>• सेवनन हाल्ट के दक्षिण में अंडरपास<br>• करौना हाल्ट के दक्षिण में अंडरपास/ROB<br>• मई हाल्ट के पास अंडरपास<br>• निजामतपुर हाल्ट के पास अंडरपास | |

| | | |
|---|---|---|
| | • मीराबीघा हाल्ट के पास अंडरपास<br>• टेहटा स्टेशन के पास अंडरपास<br>• मखदुमपुर स्टेशन के पास अंडरपास<br>• कोटेश्वरधाम हाल्ट के पास अंडरपास<br>• बराबर हाल्ट के पास अंडरपास | |
| 4.18 | वाणावर कोटेश्वर नाथ धाम स्टेशन हाल्ट पर सभी यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराया जाए ताकि यात्रियों और पर्यटकों को सुविधा मिल सके \| | |
| 4.19 | पटना नटेसर रूप में मगध एक्सप्रेस ट्रेन इस्लामपुर में लगी रहती है, उसे नाटेसर स्टेशन तक चलाया जाए \| | |
| 4.20 | किऊल-गया रेल खंड अंतर्गत वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन के नजदीक बीके साहू इन्टर विद्यालय के नजदीक फुट ओवर ब्रिज (FOB) निर्माण बेहद जरुरी है क्योंकि यहाँ प्रतिदिन हजारों छात्र और आस पास के दर्जनों गाँव के लोग इस रेलवे लाइन को पार कर इस पार से उस पार जाते हैं \| अतः रेल प्रशासन से आग्रह किया कि रेलवे स्टेशन के दक्षिण दिशा में अविलम्ब FOB का निर्माण करने का आदेश दिया जाए \| | |

## 5.0 श्री शंभू शरण पटेल,माननीय सांसद (राज्य सभा)

| क्र.सं. | माननीय सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 5.1 | आरा और झाझा स्टेशन परिसर में **'रेल कोच रेस्टोरेंट'** का चालू होना जनहित में एक सराहनीय कदम है \| साथ ही, माननीय सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान चर्चा होने वाले अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर रेलवे के स्तर से किए गए यथोचित कार्रवाई से माननीय सांसदों को समय-समय पर अवगत कराया जाना चाहिए \| | |
| 5.2 | कोरोना काल से पूर्व की भांति, मनकठा स्टेशन पर 18183/18184 दानापुर टाटा सुपर एक्सप्रेस, 18621/18622 पटना हटिया पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस एवं 13331/32 धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का ठहराव दिया जाए ताकि इसके आस-पास के दर्जनों गाँव लाभान्वित हो सके \| | |
| 5.3 | शेखपुरा जंक्शन से पटना भाया बिहारशरीफ रेलवे लाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाया जाए \| भारतीय रेलवे द्वारा ड्रोन कैमरे के माध्यम से अति महत्त्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर कार्य प्रगति की निगरानी किया जाना सराहनीय कदम है \| | |
| 5.4 | सिरारी गुमटी पर चिरलंबित ROB के निर्माण कार्य में तेजी लाया जाए \| | |
| 5.5 | देवघर-पुणे ट्रेन सं. 11428 एवं गोड्डा नई दिल्ली हमसफ़र एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन 12349 का शेखपुरा जंक्शन पर ठहराव दिया जाए\| | |
| 5.6 | पटना-गया मेमू में प्रायः गंदगी का अम्बार लगा रहता है इससे यह प्रतीत होता है कि इसकी नियमित साफ सफाई नहीं की जाती है \| इस रेल खंड में अनाधिकृत हॉकरों एवं वेंडरों का बोलबाला है जिनके खिलाफ रेल हित में अभियान चलाया जाना चाहिए \| | |
| 5.7 | महिला एवं दिव्यांग बोगी में पुरुष, बिहार पुलिस के सिपाही एवं रेल कर्मचारी गण के बैठ कर यात्रा करने पर यथोचित कार्रवाई किया जाना अपेक्षित है \| | |

## 6.0 श्री चन्दन सिंह, माननीय सांसद/नवादा (द्वारा प्रतिनिधि श्री अभिमन्यु कुमार )

| क्र.सं. | माननीय सांसद/प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 6.1 | गाड़ी संख्या 12397/98 महाबोधि एक्सप्रेस जो गया से दिल्ली के बीच चलती है, उसे किऊल जंक्शन तक विस्तारित किया जाना चाहिए \| | |

| | | |
|---|---|---|
| 6.2 | पटना से किऊल, शेखपुरा, वारसलीगंज, नवादा, तिलैया होते हुए नई दिल्ली के लिए नई गाड़ी का परिचालन किया जाय। | |
| 6.3 | पटना,गया,वजीरगंज,शेखपुरा,तिलैया,वारसलीगंज,नवादा,किउल तक सुपर फास्ट ट्रेन का परिचालन किया जाय। | |
| 6.4 | श्रमजीवी एक्सप्रेस का परिचालन तिलैया स्टेशन से शुरू किया जाय ,जिससे नवादा के लोगो को दिल्ली आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। | |
| 6.5 | पावापुरी से नवादा रेल लाइन की स्वीकृति इसी वर्ष किया जाय। | |
| 6.6 | नवादा से गिरिडीह रेल-खंड का सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट 15/02/2024 तक तैयार कर स्वीकृति प्रदान करने हेतु आवश्यक कारवाई किया जाय। | |
| 6.7 | गाड़ी संख्या 11427/11428 पुणे-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस का ठहराव नवादा रेलवे स्टेशन पर किया जाय। | |
| 6.8 | नवादा रेलवे स्टेशन के पास नवादा से जमुई जाने वाली सड़क पर 3 नं॰ बस स्टैंड के पास ROB का निर्माण काफी समय से रेलवे बोर्ड में लंबित है, जिससे नवादा के लोगो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । अत: जनहित को देखते हुए इसे जल्द से जल्द बनाया जाए। | |
| 6.9 | नवादा एवं तिलैया स्टेशन के नए भवन का निर्माण कर जल्द से जल्द उद्घाटन किया जाए। | |
| 6.10 | किउल,शेखपुरा,तिलैया,वारसलीगंज,नवादा रेल-खंड के बीच फ्लाईओवर एवं अंडरपास बनाने का कार्य जल्द-से-जल्द प्रारम्भ किया जाय । वर्तमान समय में मानवरहित फाटक बंद होने से यातायात में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस कार्य के लिए सर्वे का कार्य भी पूरा हो चुका है। | |
| 6.11 | शेखपुरा से बरबीघा, बिहारशरीफ़, दनियांवा, नेउरा तक रेल लाइन की परियोजना 2006 में ही प्रारम्भ किया गया है, लेकिन उक्त रेल-खंड के नारायणपुर मौज़ा के किसानो को उचित मुआवजा प्रदान किया जाय ताकि लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके। | |
| 6.12 | वारिसलीगंज और आस–पास के गाँवों के स्थानीय लोगों की मांग है कि किउल-गया रेल खंड पर वारिसलीगंज -नवादा स्टेशन के बीच पोल संख्या 57/24-26 मय मोड़ के निकट रेलवे क्रासिंग पर ऊपरी पुल या अंडरपास का निर्माण किया जाए \| यहाँ 10 अन्य जगहों पर भी सर्वे का कार्य हुआ है, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, कार्य को पूरा किया जाए। | |
| 6.13 | गाड़ी संख्या 03632/03631 जो फतुहा से नटेसर के बीच चलती है उसे विस्तारित कर नवादा, तिलैया तक चलाया जाए। | |
| 6.14 | गया से झाझा तक जो सवारी गाड़ी चलती है उसे विस्तारित कर जसीडीह तक चलाया जाए। | |

## 7.0 श्री अश्विनी कुमारचौबे, माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं सांसद, बक्सर (लोकसभा) (द्वारा प्रतिनिधि श्री जयप्रकाश चौबे )

| क्र.सं. | माननीय सांसद/प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 7.1 | बक्सर में वाशिंग पिट बनाने के लिए एक तकनीकी टीम द्वारा स्थल निरीक्षण और मापन कर लिया गया है \| इस कार्य की प्रगति से सम्बंधित अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए । | |
| 7.2 | चौसा थर्मल पावर सयंत्र के लिए बनने वाले रेल कोरीडोर की अधतन रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए । | |
| 7.3 | वरुना में प्लेटफॉर्म की सतह को ऊंचा करने से संबन्धित और FOB बनाने के संबंध में क्या कारवाई हुई, इससे माननीय सांसद महोदय को अवगत कराया जाए \| | |

| | | |
|---|---|---|
| 7.4 | टुड़ीगंज स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु शौचालय, अत्याधुनिक प्रतीक्षालय, लाइट आदि की सुविधा के संबंध में क्या कारवाई हो रही है, इसे बताया जाए \| | |
| 7.5 | चौसा "अमृत भारत स्टेशन योजना" की सूची में है। इस कार्य का शिलान्यास कब तक होगा? | |
| 7.6 | विश्वस्तरीय स्टेशन बक्सर के विकास से संबन्धित जो प्रस्ताव बोर्ड को भेजा गया है, उसी सूची में क्या-क्या कार्य प्रस्तावित हैं, स्पष्ट किया जाए। | |
| 7.7 | चौसा से रघुनाथपुर के बीच के हाल्टो पर कोरोना काल के पूर्व संचालित सभी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव अभी तक भी नहीं हुआ है। | |
| 7.8 | रघुनाथपुर में आरक्षण काउंटर दोनों शिफ्ट में चलाया जाना चाहिए \| | |
| 7.9 | इस संसदीय क्षेत्र के जन हित को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किया जाना अपेक्षित है :-<br>चौसा स्टेशन पर - (क)13201/13202- राजेंद्रनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल<br>(ख)12333/12334- विभूति एक्सप्रेस<br>रघुनाथपुर स्टेशन पर –<br>(क)13201/13202- राजेंद्रनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल<br>(ख) 13005/13006- हावड़ा-अमृतसर मेल<br><br>डुमराव स्टेशन पर – 12295/12296- संघमित्रा एक्सप्रेस<br><br>बक्सर स्टेशन पर-<br>(क) 12393/12394 सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस<br>(ख) 19322/19323 पटना इंदौर एक्सप्रेस<br>(ग) 12309/12310 पटना तेजस राजधानी एक्सप्रेस | |
| 7.10 | गाड़ी सं.18183/84 टाटा –आरा एक्सप्रेस का विस्तार बक्सर स्टेशन तक किया जाए \| | |

## 8.0 श्री चिराग पासवान, माननीय सांसद/ जमुई (द्वारा प्रतिनिधि श्री जीवन सिंह )

| क्रसं | माननीय सांसद प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 8.1 | झाझा रेलवे स्टेशन के बगल वाले तालाब में मछली पालन हेतु विकसित कर अतिक्रमण को हटाया जाए \| | |
| 8.2 | पटना जाने के लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र जमुई अंतर्गत जमुई,मुंगेर एवं शेखपुरा जिलावासियों के लिए सुबह में कोई फ़ास्ट ट्रेन नहीं है, जिससे रोजाना ऑफिस, मीटिंग, पटना हाई कोर्ट या रोजगार से सम्बंधित कार्य समय पर कर सकें। एक ट्रेन बाबाधाम देवघर-जसीडीह वाया जमुई से पटना तक चलाई जाए क्योंकि देवघर राष्ट्रीय स्तर पर घोषित तीर्थस्थल है एवं जमुई अधिक आय देने वाला स्टेशन है। | |
| 8.3 | अकालतख्त, उपासना, विभूति एक्सप्रेस एवं साउथ इंडिया के वेल्लोर जाने के लिए एर्नाकुलम एक्सप्रेस को तत्काल ठहराव दिया जाए जिससे बड़ी आबादी इलाज सहित रोजगार के लिए इसका लाभ उठा सके। | |
| 8.4 | गिद्धौर स्टेशन पर साउथ बिहार एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। यहाँ शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। | |
| 8.5 | झाझा-वटिया प्रस्तावित नई रेल लाइन के निर्माण कार्य हेतु वित्त आवंटन करते हुए कार्य में प्रगति लायी जाए। | |
| 8.6 | कटौना हाल्ट को विकसित कर सभी यात्री सुविधा का प्रावधान किया जाए, जिस प्रकार कोरोना कल के पूर्व ट्रेन का ठहराव था उसे पुनर्बहाल किया जाए। | |
| 8.7 | पटना-हावड़ा वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव जमुई स्टेशन पर की जाए जिससे कि लोकसभा क्षेत्र जमुईवासियों को इस प्रीमियम सुविधा का लाभ मिल सके \| | |

| | | |
|---|---|---|
| 8.8 | शुकरदाम हाल्ट देवाचक में वर्ष 2020 के लॉक डाउन के समय बंद किए गए सभी ट्रेनों का ठहराव पूर्व की तरह बहाल किया जाए। | |
| 8.9 | शेखपुरा स्टेशन पर वी.आई.पी. रूम, यात्रीशेड, पेयजल एवं शौचालय सहित मॉडल स्टेशन का दर्जा दिया जाए। | |
| 8.10 | हमसफ़र ट्रेन का ठहराव अविलम्ब की जाए एवं गया से आसनसोल पैसेंजर वाया शेखपुरा किउल जंक्शन होते हुए चलाई जाए। | |
| 8.11 | विगत वर्षों पूर्व झाझा वाया बड़ीबाग, लदुआ पकरी बरामा होते हुए नवादा तक रेल लाइन शुभारम्भ हेतु सर्वेक्षण कार्य की गई थी जो कि ठप पड़ा हुआ है, इसे अविलम्ब तीव्रगति से किया जाए जिससे लाखों आबादी लाभान्वित हो सके। | |

## 9.0 श्री रवि शंकर प्रसाद, माननीय सांसद /पटना साहिब (द्वारा प्रतिनिधि श्री रामजी सिंह )

| क्र.सं. | माननीय सांसद / प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 9.1 | हार्डिंग पार्क में खाली स्थान पर नया प्लेटफार्म के निर्माण की प्रकिया तेज किया जाए \| | |
| 9.2 | खुसरूपुर स्टेशन पर आरक्षण काउंटर खोलने की दिशा में अविलम्ब कार्रवाई हो \| | |
| 9.3 | करौटा रेलवे स्टेशन पर पूर्व की भांति गाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए \| | |
| 9.4 | बख्तियारपुर स्टेशन परिसर और ग्रामीणों के रास्ता सम्बन्धी विवाद का निपटारा जल्द से जल्द किया जाए \| | |
| 9.5 | यात्री सुविधा को धयान में रखते हुए पटना जंक्शन पर चढ़ने के लिए स्वचालित सीढ़ी है लेकिन उतरने के लिए भी स्वचालित सीढ़ी का निर्माण कराया जाए \| | |
| 9.6 | लोकल ट्रेनों में साफ़ –सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए \| | |
| 9.7 | प्रातः काल में 7 से 8 बजे के बीच में कोई एक्सप्रेस ट्रेन आरा–पटना के बीच में चलाई जाए \| | |
| 9.8 | करौटा स्टेशन के पास अंडरपास की जगह फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाए \| | |
| 9.9 | करनौती स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाए \| | |
| 9.10 | वर्ल्ड क्लास फतुहा गुड्स यार्ड के प्रस्तावित कार्य में तेजी लायी जाए \| | |

## 10.0 श्री विवेक ठाकुर,माननीय सांसद (राज्य सभा)(प्रतिनिधि श्री रजनीश कुमार)

| क्र.सं. | माननीय सांसद / प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | |
|---|---|---|
| 10.1 | गया-किऊल रेलखंड स्थित तिलैया जंक्शन पर पिट लाइन का निर्माण कराया जाए ताकि श्रमजीवी एक्सप्रेस (12391 अप व 12392 डाउन ) का विस्तार राजगीर स्टेशन से तिलैया जंक्शन तक किया जा सके \| | |
| 10.2 | जिला मुख्यालय नवादा स्टेशन पर 11427/11428 जसीडीह –पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव किया जाए \| | |
| 10.3 | पटना – किऊल रेल खंड स्थित मनकठा स्टेशन पर FOB निर्माण कराया जाए \| | |
| 10.4 | पटना – किऊल रेल खंड पर कई महत्वपूर्ण स्टेशनों से कोरोना काल में ट्रेन ठहराव हटा दिया गया था, जिससे स्थानीय जनता और आस-पास के हरदास बीघा हाल्ट, मनकठा, बड़हिया, रामपुर, मननपुर, कजरा, मोकामा आदि गाँव की घनी आबादी काफी परेशान है \| कोरोना काल में हटाये गए ट्रेन ठहराव को पुनर्बहाल किया जाए \| | |
| 10.5 | श्रमजीवी एक्सप्रेस व बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का पावापुरी स्टेशन पर ठहराव किया जाए \| | |
| 10.6 | पटना सहित सभी बड़े एवं महत्त्वपूर्ण स्टेशनों पर यद्यपि स्वचालित सीढ़ी एवं लिफ्ट का | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रावधान है किन्तु यह प्रायः तकनीकी कारणों से बंद ही पाया जाता है \| इस पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि यात्रियों को उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके \| अन्य स्टेशनों पर प्रस्तावित Escalator एवं Lift के कार्य में भी प्रगति लायी जाए \| | |

## 11.0 श्री खीरू महतो,माननीय सांसद (राज्य सभा)(प्रतिनिधि श्री पिंटू कुमार सिंह)

| क्र.सं. | माननीय सांसद / प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 11.1 | एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पटना से हावड़ा के लिए गया, कोडरमा, धनबाद रूट से हावाड़ा तक चलाई जाए एवं उसका किराया कम रखा जाए। | |
| 11.2 | पटना एवं दानापुर से खुलने वाली एवं पूर्व मध्य रेल से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेन में बेड रोल एवं कंबल बिना धुले ही दिया जाता है और ट्रेन में बाथ रूम काफी गंदा रहता है । रेल अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर औचक निरीक्षण कर उसे दुरुस्त किया जाए । | |
| 11.3 | तेजस राजधानी एक्सप्रेस में जो पटना से नई दिल्ली जाती है उसमें पैंट्रीकार द्वारा जो खाना दिया जाता है वह Quantity एवं Quality दोनों ही दृष्टिकोण से औसत दर्जे का रहता है \| जिसे ठीक किया जाना अपेक्षित है \| | |
| 11.4 | धनबाद से पटना खुलने वाली गंगा दामोदर एक्सप्रेस एवं रांची से खुलने वाली हटिया दानापुर एक्सप्रेस को बक्सर या DDU तक विस्तारित किया जाए। | |
| 11.5 | मण्डल के अंतर्गत आने वाले कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर; जहां भी यात्रियों के सुविधा के लिए स्वचालित सीढ़ी बनाई गई है; खास कर पटना जंक्शन पर वह हमेशा खराब रहती है, जिसे ठीक किया जाए। | |
| 11.6 | तिलैया से राजगीर जो नई रेल लाइन बनाई गई है उसमे समुचित संख्या में पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जाए, जिससे उस क्षेत्र की जनता को इस रेल खंड का लाभ मिल सके \| | |
| 11.7 | मण्डल रेल के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख स्टेशन खास कर किउल इत्यादि स्टेशनों में प्लेटफॉर्म को ऊंचा किया जाए एवं सभी प्रमुख स्टेशनों पर रेल नीर की व्यवस्था किया जाए। | |
| 11.8 | गया से किउल पहुँच के लिए सुबह 05 से 06 बजे तक एक गाड़ी गया से होने चाहिये, जिसे पटना,देवघर,भागलपुर जाने वाले यात्रियों को परेशानी न हो। जो ट्रेन गया से रात में 22:25 बजे खुलती है उसे यदि 03 बजे सुबह गया से खोली जाए तो यात्रियों को काफी आराम होगा । | |
| 11.9 | गोड्डा से नई दिल्ली जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस एवं जसीडीह पुणे को शेखपुरा एवं नवादा स्टेशन पर ठहराव किया जाए। | |
| 11.10 | काशीचक स्टेशन पर आरक्षण काउंटर की व्यवस्था की जाए \| सिरारी वारसलीगंज एवं काशीचक में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए एवं किउल-गया रेल खंड के हाल्टो पर समुचित लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए । | |
| 11.11 | पटना, दानापुर, किउल, वारसलीगंज, नवादा इत्यादि स्टेशनों पर अवैध पार्किंग रहता है, उसे हटाया जाए । | |

## 12.0 श्री अनिल प्रसाद हेगड़े, माननीय सांसद (राज्य सभा) (प्रतिनिधि श्री मुकेश कुमार)

| क्र.सं. | माननीय सांसद / प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 12.1 | गाड़ी सं.-15125, काशी-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस में बक्सर, बिहिया, आरा आते-आते माह में 15 दिन में लोकल सवारी की संख्या इतनी अधिक भीड़ हो जाती है कि किसी भी दिन लोग ट्रेन में चढ़ने-उतरने के प्रयास में नीचे गिर जायेंगे \| अति-आवश्यकता है जल्द ही कम से कम 4 अतिरिक्त बोगी उस ट्रेन में जोड़ा जाए\| | |

| | | |
|---|---|---|
| 12.2 | प्रस्तावित आरा-जगदीशपुर-भभुआ रेलवे लाइन का निर्माण कार्य बंद है या काफी धीमा है \| इस पर अति शीघ्र कार्य तेज गति से शुरू करायी जाए\| | |
| 12.3 | पटना-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे रूट पर रेलवे लाइन के चौडीकरण एवं चहार दीवारी का कार्य और तेज गति से किया जाए, जो समय पर कार्य पूरा हो सके \| | |
| 12.4 | बिहिया स्टेशन पर बाइक पार्किंग के लिए मासिक शुल्क का प्रावधान लागू नहीं है, इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए\| | |
| 12.5 | बिहिया स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1 से बाहर आने-जाने के लिए बना एकमात्र ओवरब्रिज पुराना और जर्जर स्थिति में है \| यहाँ कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है \| यह ओवरब्रिज काफी पतला है \| इसे पुनः नव-निर्मित किए जाने से लोगों के आवागमन में काफी सुविधा होगी और दुर्घटना से बचा जा सकता है \| | |
| 12.6 | गाड़ी सं.-12369, कुम्भ एक्सप्रेस का डुमराव स्टेशन पर ठहराव हो \| साथ ही, डुमराव स्टेशन पर सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ शौचालय का निर्माण, शुद्ध पीने का पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से किया जाए \| | |
| 12.7 | पटना-गया रेल लाइन में पुनपुन स्टेशन रोड मनोहराह गुमटी से पुनपुन स्टेशन रोड मरम्मती कार्य \| | |
| 12.8 | पटना-गया रेल लाइन में परसा स्टेशन रोड, रहीमपुर परसा साउथ केबिन गुमटी से परसा स्टेशन रोड मरम्मती का कार्य \| | |
| 12.9 | वर्तमान परसा स्टेशन रोड को (नथ्थुपुर-कुरथौल अंडरपास) में जोड़ने से रहीमपुर-परसा रेलवे गुमटी जुड़ जाएगा \| | |
| 12.10 | पिछले कई बैठकों में लगातार उठाए गए मुद्दे -- कौशल नगर, शिव मंदिर के निकट रेलवे लाइन के उपर लोहा पुल (पैदल उपरिगामी पुल) का निर्माण के सम्बन्ध में बताया गया है \| वर्णित जगह पर कोई समपार फाटक नहीं है \| राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त सर्वे कराकर उपरिगामी पुल का यथाशीघ्र निर्माण कराया जाए \| इस सन्दर्भ में बताना है कि रेलवे लाइन के दोनों तरफ लगभग 30 हजार लोगों का आना-जाना रोज लगा रहता है, जिसमें बुजुर्ग, महिलाएं , स्कूली बच्चों, आम लोगों को आवश्यक कार्य हेतु बाजार जाना, काम के लिए मजदूरों को रेलवे लाइन पार करना मजबूरी है \| हर वर्ष 15 से 20 लोग रेल गाड़ी से होने वाली दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं और लोग डर से पुलिस के पास नहीं जाते हैं \| यथा शीघ्र जनहित को देखते हुए उपरिगामी पुल का निर्माण कराया जाए \| | |

बैठक के दौरान माननीय सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों के सुझावों व मांगों पर चर्चा के उपरांत महाप्रबंधक महोदय ने आभार व्यक्त किया और कहा कि आपके सुझाव सराहनीय हैं जो रेल विकास कार्यों की रूपरेखा तय करेगा | बैठक में उठाए गए मुद्दों पर सम्बंधित विभाग द्वारा समीक्षा के उपरांत यथासंभव त्वरित निष्पादन करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा |

अंत में, मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा 'धन्यवाद ज्ञापन' करते हुए सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों के सुझावों एवं उनके द्वारा उठाए गए विषयों पर समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया |

*****

**(सरस्वती चन्द्र)**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर

स०. वा./दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक/2023, दिनांक : 19-01-2024

**प्रतिलिपि :-**

- **सर्वसम्बंधित के सादर सूचनार्थ प्रेषित |**